## खबर संक्षेप

### गलियां और नालियां बनवाएगी नगर परिषद

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद की ओर से हाल ही में एक करोड़ रुपये से अधिक राशि के 25 से ज्यादा टेंडर लगाए गए हैं। इन टेंडरों के जरिए शहर के कई वार्डों में गलियां और नालियां बनाई जाएंगी। नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि डी-प्लान योजना के तहत इन निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जाएगा।



परिषद प्राथमिकता के आधार पर शहर का विकास करवा रही है। जिन इलाकों की गलियां और नालियां लंबे समय से खराब हालत में थीं, वहां जल्द ही नई पक्की गलियां तैयार होंगी।

### सत्ता का असली उद्देश्य जनता की सेवाः जैन

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए देश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण किया है।



उन्होंने कहा कि सत्ता का असली उद्देश्य जनता की सेवा और समाज की भलाई है, जिसे भाजपा सरकार बखूबी निभा रही है। डॉ. पंकज जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज सुरक्षित महसूस कर रहा है। सीमा हो या कूटनीति, हर मोर्चे पर भारत का कद बढ़ा है।

### सीकर पहुंची पेट पलनिया यात्रा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित खाटू श्यामजी मंदिर से 22 जुलाई को शुरू हुई पांचवीं पेटपलनिया यात्रा 20 सितंबर को सीकर जिले के चला चौकड़ी गांव पहुंची। श्याम भक्त हरिओम मुदगिल का ओमबीर छिकारा, हरिप्रकाश गौतम, गौरव शर्मा, पवन शौकीन, नीरज मुदगिल व ग्रामीणों ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया।

### सात दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शुरू

**झज्जर।** राजकीय मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल खेड़ी खुम्मार में शनिवार को बैसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई। भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वावधान में शुरू किया गया यह शिविर 25 सितंबर तक चलेगा। विनीता आदि मौजूद रहे।

### छारा कॉलेज में किया गया पौधरोपण

**बहादुरगढ़।** चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय छारा में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल के दिशा निर्देशन में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र की देखरेख में 18 से 20 सितंबर के बीच पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. संजय देसवाल, मंजू मलिक, मोनिका, ज्योति, ललिता, डॉ मनोज कुमार, विजय व डॉ. अश्वनी का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर छात्र भी मौजूद रहे।

## बदहाल भवनों में सिसक रही शिक्षा व्यवस्था

# चार कमरों में करीब 225 विद्यार्थी पढ़ रहे

दहकौरा गांव के स्कूल में 18 कमरे किए जा चुके हैं कंडम घोषित





**बरसात के मौसम में स्कूल परिसर में पानी भर जाने से बच्चों और शिक्षकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सरकारी स्कूलों के बदहाल होते भवनों में शिक्षा व्यवस्था सिसक रही है। कहीं स्कूलों में कमरों की हालत खराब है तो कहीं जलभराव की समस्या गहरा जाती है।

दहकौरा गांव का सरकारी स्कूल भी ऐसे ही हालातों से जूझ रहा है। स्कूल का भवन जर्जर स्थिति में है। यहां 18 कमरे कंडम घोषित किए जा चुके हैं। फिलहाल स्कूल के केवल चार सुरक्षित कमरों में करीब 225 विद्यार्थी जैसे-तैसे पढ़ाई कर रहे हैं। बरसात के मौसम में स्कूल परिसर में पानी भर जाने से बच्चों और शिक्षकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीण अशेक, महेश, सतबीर, उमेश, सुरेश, प्रेम और सोमबीर ने बताया कि पिछले कई सालों से स्थिति गंभीर बनी हुई है, लेकिन अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। कंडम कमरों को तोड़ने के लिए मंजूरी मिल चुकी है, फिर भी काम शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि इस ओर लापरवाही से बच्चों की संख्या लगातार घटती जाएगी और स्थिति यह होगी कि स्कूल बंद होने की कगार पर पहुंच जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि मामले को मंत्रियों और प्रशासन के संज्ञान में कई बार लाया गया, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ रही। जब सरकारी स्कूलों की यही स्थिति है, तो शिक्षा की गुणवत्ता कैसे सुधरेगी और देश का भविष्य कैसे संवरेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर माहौल में शिक्षा मिल सके।

## मिस हरियाणा आरजू को विधायक राजेश जून ने किया सम्मानित

■ आरजू ने साबित कर दिया है कि हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मिस हरियाणा आरजू को सम्मानित करते विधायक राजेश व अन्य।

हाल ही में प्राइड ऑफ इंडिया मिस हरियाणा का खिताब जीतने वाली सांखोल की निवासी आरजू का विधायक राजेश जून के कार्यालय पर अभिनंदन हुआ। विधायक राजेश जून ने आरजू को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दरअसल, बीते दिनों दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित रेडिसन ब्लू होटल में प्राइड ऑफ इंडिया मिस हरियाणा 2025 का आयोजन हुआ था, जिसमें सांखोल की आरजू को विजेता घोषित किया गया था। इसके बाद उन्होंने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए मिस इंडिया ग्रैंड फिनाले में भाग लिया, जहां वह रनर-अप रहीं। विधायक राजेश जून ने कहा कि आरजू ने साबित कर दिया है कि हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

## मंडी में सफाई अभियान चलाया

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मंडी में स्वच्छता अभियान चलाते संजय व अन्य।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत मंडल अध्यक्ष संजय सैनी व उनकी टीम ने शहर में सफाई अभियान चलाया। लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। बहादुरगढ़ सब्जी मंडी में यह सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संजय सैनी ने कहा कि हमें अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए ताकि बीमारियां न फैलें। मंडल महामंत्री आशु सैनी, रमेश आर्य, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, संदीप, दीपक सैनी व अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को सिखाए योग के गुर

**बहादुरगढ़।** गांव सोलधा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा निःशुल्क योग-प्राणायाम व देशभक्ति आधारित प्रेरक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल मूर्ति कुमारी ने की। योगाचार्य ने कहा कि युवाओं का लक्ष्य समर्थ, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने योग को जीवन का विज्ञान बताते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से स्वास्थ्य, मानसिक शांति, एकाग्रता और तेज दिमाग प्राप्त होता है। शिविर में शिक्षक बिजेंद्र सिंह, सुनील खत्री, यशवंती, मनीषा यादव, सीमा रानी, उषा वत्स, किरण बाला आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। बच्चों को योगाभ्यास कराते जगदीश सहवाग।



बहादुरगढ़। परिसर में फैली झाड़ी और उखड़ा गेट दिखाते लोग। फोटो: हरिभूमि

## श्मशान घाट की बदहाली पर नाराजगी जताई

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-10 के शमशान घाट की जर्जर हालत को देखते हुए सार्थक सेवा समिति के प्रधान नफे सिंह कपूर और भाजपा नेता जसबीर सैनी ने निरीक्षण कर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस बड़े शमशान घाट में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। कमरे टूटे हुए हैं, खिड़की-दरवाजे और शेड क्षतिग्रस्त हैं, टॉयलेट, पानी, स्ट्रीट लाइट व बैठने की व्यवस्था नहीं है। चारदिवारी टूटी हुई है और परिसर में झाड़-फूस फैला हुआ है। चोरी के लिए मेन गेट तक उखाड़ लिया गया है। कपूर ने कहा कि अंतिम संस्कार जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर सुविधाओं का न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर पर गौरव प्रधान, हरिचंद रोझा, शिव मंगल पाल, ज्ञान सैनी व एमपी. रोहिल्ला मौजूद रहे।



### तैराकी मेडले रिले इवेंट में जीडी गोयनका की टीम ने जीता कांस्य

**बहादुरगढ़।** एमडीयू यूनिवर्सिटी रोहतक में आयोजित सीबीएसई स्कूल नेशनल लेवल गेम्स में एचएल सिटी बहादुरगढ़ स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्र टीम ने 4 गुणा 100 मीटर तैराकी मेडले रिले इवेंट में उम्दा प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस विजेता टीम में दिव्यांशु गुलिया, जयवर्धन राव, नितेश खत्री और मयंक तुषिर शामिल रहे।

इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रिंसिपल ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों का जज़्बा और आत्मविश्वास अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय की निदेशिका शैलजा जून ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

### एचएनजी कंपनी के कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में जीते पदक



**बहादुरगढ़।** श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित ज़ोन लेवल श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता में एचएनजी कंपनी के कर्मचारियों ने शानदार प्रदर्शन किया और विभिन्न इवेंट्स में पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में कंपनी के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स से लेकर टीम गेम तक में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान 200 और 400 मीटर दौड़ में परवल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 800 मीटर दौड़ में सचिन सुहाग ने तृतीय स्थान पाया। गोला फेंक में सुरेश डागर तृतीय स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो में पवन कुमार ने प्रथम स्थान और सुकर्म ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं वॉलीबॉल स्मैशिंग प्रतियोगिता में कंपनी की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कंपनी प्रबंधन ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

## आर्यन मान ने अपनी जीत गांव और देहात के छात्रों को समर्पित की

■ देवता बाबा हरिदास मंदिर में माथा टेका और ध्वजा चढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। आर्यन मान का अभिनंदन करते परिजन व खाप प्रतिनिधि।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष निर्वाचित हुए एबीवीपी नेता आर्यन मान शनिवार को बहादुरगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले झाड़ौदा स्थित कुल देवता बाबा हरिदास मंदिर में माथा टेका और ध्वजा चढ़ाई।

इसके बाद वे अपने गांव सिद्दीपुर लोवा कलां पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने स्मृति चिह्न भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया और जीत पर गर्व जताया। इसके बाद बहादुरगढ़ में आयोजित पत्रकारवार्ता में आर्यन मान ने कहा कि यह जीत उनके गांव, देहात और दिल्ली विश्वविद्यालय के हर छात्र को समर्पित है।

उन्होंने बताया कि पांच साल का संघर्ष अब रंग लाया है और वे पूरी निष्ठा से छात्र हितों के लिए काम करेंगे। मान ने छात्र राजनीति में कई बड़े वायदे दोहराए, जिनमें कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर की नियुक्ति, मेट्रो पास पर रियायत, बेहतर वाई-फाई और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।

उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए कॉलेज परिसरों को नो स्मोकिंग-नो ड्रिंकिंग जोन घोषित करने की पहल करने की बात भी कही।

### विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** शनिवार को झज्जर पुलिस की सड़क सुरक्षा सैल टीम ने विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम बालविकास स्कूल, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सीनियर सेकेंडरी स्कूल कानौंदा में हुए।

सड़क सुरक्षा सैल के प्रभारी सतीश कुमार और उनकी टीम ने विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियमों की जानकारी दी। उन्हें यातायात संकेतों को समझने और पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया।

## जलभराव से लोग परेशान

■ शहर के वार्ड-7 के शास्त्री नगर में शुक्रवार रात को अचानक बढ़ा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। समस्या का जायजा लेने लोगों के बीच पहुंचे रमेश राठी।

शहर के वार्ड-7 के शास्त्री नगर और नेताजी नगर में जलभराव की समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। शुक्रवार रात को स्थिति और भी खराब हो गई, जब पानी का स्तर दो से तीन फुट तक अचानक बढ़ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय एसटीपी की मोटर नहीं चलाई गई, जिससे पानी की निकासी नहीं हो सकी।

स्थानीय निवासी लगातार गंदगी, बदबू और मच्छरों की मार झेल रहे हैं। जलभराव के कारण क्षेत्र में लगे कई पेड़ भी खराब हो चुके हैं और बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। जलभराव के साथ-साथ पूरे शहर में सीवर जाम की समस्या भी विकराल होती जा रही है। शनिवार को वार्ड 7 के पार्षद संदीप अहलावत, नगर परिषद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि रमेश राठी ने क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और लोगों की समस्याएं सुनी। इस बारे में चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि सोमवार को डीसी को ज्ञापन सौंपा जाएगा और जल्द से जल्द समाधान की मांग की जाएगी। उधर, दूसरी तरफ छोटूराम नगर में भी जलभराव से लोगों को राहत नहीं मिल पाई है।

## पीएम के जीवन पर आधारित किताब बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। छात्रा को सम्मानित करते पूर्व विधायक नरेश कौशिक।

पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को आसौदा आईटीआई में हुए कार्यक्रम व वार्ड-5 में पार्षद कार्यालय पर लगे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम दौरान उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित किताब भी विद्यार्थियों को वितरित की। वहीं गायन, क्विज व कई अन्य प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## सोनीपत में आयोजित खेलों में दिखाया मुक्के का दमखम

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिले के खिलाड़ियों ने जीते मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

**अभिनव बल्हारा ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता**

सोनीपत में हुई राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया है।

स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के कोच हितेश देशवाल व बेरी खेल स्टेडियम के कोच नवीन नेहरा ने बताया कि महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम के खिलाड़ी अभिनव बल्हारा ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक, नितिन ने 46 से 48 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए रजत पदक तथा तमन ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इनके अलावा बेरी खेल स्टेडियम के उभरते मुक्केबाज निशांत ने 42 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता।

इस उपलब्धि पर जिला मुक्केबाजी संघ के प्रधान सोमवीर अहलावत, मुख्य संरक्षक सूरजभान जाखड़ व भाजपा नेत्री सोमवती जाखड़ ने प्रशिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दिक्षित ने नेशनल और अंश ने स्टेट में जीता मेडल

**बहादुरगढ़।** बजरंग बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन कर अकादमी और क्षेत्र का नाम रोशन किया। दिक्षित लोहचब ने सीबीएसई नेशनल गेम्स में शानदार मुक्केबाज़ी करते हुए सिल्वर मेडल जीता। यह प्रतियोगिता महेंद्रगढ़ के काकराला में आयोजित हुई, जहां दिक्षित ने फाइनल तक का सफर तय किया। वहीं, अंश मान ने हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अंडर-14 के 46 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए रजत पदक अपने नाम किया। यह चैंपियनशिप सोनीपत के लिटिल एंजल स्कूल में हुई थी। खिलाड़ियों की इस सफलता पर परिजनों और साथी खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। कोच राहुल सैनी ने बताया कि यह खिलाड़ियों की मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारा अगला लक्ष्य गोल्ड मेडल है। ये खिलाड़ी बेहद होनहार हैं।



### बॉक्सिंग में दिल्ली पब्लिक स्कूल के कुणाल का शानदार प्रदर्शन



**बहादुरगढ़।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र कुणाल ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्ष के बल पर बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका दिल जीत लिया। कुणाल ने सबसे पहले सीबीएसई एसजीएफआई ब्लॉक स्तर और राज्य स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। फिर नेशनल स्तर तक पहुंचने का गौरव प्राप्त किया। इसके बाद अपने बेहतरीन खेल से सीबीएसई के खेलों के माध्यम से खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भी चयनित हुआ। विद्यालय की निदेशक प्रिया डागर ने बच्चे को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार स्कूल की तरफ से दिया और कहा कि कुणाल की यह उपलब्धि सभी बच्चों के लिए प्रेरणादायक है। प्राचार्या नीरजा ने इस अवसर पर कहा कि कुणाल और उसके अभिभावकों को बधाई दी।